**लापरवाही** | ग्रामीणों का आरोप- सड़क में बेहद पतली परत डाली गई, घटिया सामग्री का किया गया उपयोग

# बनते ही उखड़ने लगी सड़क, गुणवत्ता पर सवाल



**अनूपपुर, नवभारत 13 मई।** ग्राम पंचायत पड़ौर में प्रधानमंत्री जनमन ग्राम सड़क योजना के तहत बन रही सड़क निर्माण की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। सड़क पूरी तरह तैयार होने से पहले ही कई जगहों से उखड़ने लगी है, जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क में बेहद पतली परत डाली गई है, जो बरसात के मौसम में ज्यादा दिन टिक नहीं पाएगी। जानकारी के अनुसार पड़ौर पीएमजीएसवाई रोड से बैगान टोला तक लगभग 2.10 किलोमीटर सड़क का निर्माण मेसर्स विमल कंस्ट्रक्शन शहडोल द्वारा कराया जा रहा है।

### गुणवत्ता मानकों की अनदेखी की गई

ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता मानकों की अनदेखी की गई है तथा निम्न स्तर की सामग्री का उपयोग किया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क की परत कई स्थानों पर निर्माण के तुरंत बाद ही उखड़ने लगी है। जगह-जगह गड्ढे बनने लगे हैं और सड़क से उड़ रही धूल के कारण लोगों का आवागमन भी प्रभावित हो रहा है।

### शिकायत के बाद लीपापोती की कोशिश

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह मार्ग बैगान टोला सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए मुख्य संपर्क मार्ग है, लेकिन घटिया निर्माण के कारण सड़क बरसात आने से पहले ही खराब हो सकती है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि शिकायतें सामने आने के बाद सड़क पर डाली गई मिट्टी हटाकर निर्माण को सही दिखाने की कोशिश की जा रही है।




### जांच प्रक्रिया को लेकर भी उठने लगे सवाल

जांच प्रक्रिया को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कथित तौर पर केवल सही हिस्सों से ही सैंपल लिए गए, जबकि खराब हिस्सों की अनदेखी की गई। ग्राम पंचायत के ग्रामीणों और समाजसेवियों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए। साथ ही गुणवत्ता विहीन निर्माण करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदार पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि ग्रामीणों को टिकाऊ और गुणवत्तापूर्ण सड़क मिल सके।

## 102 कर्मचारियों ने समस्याओं के आवेदन किए प्रस्तुत

**अनूपपुर, नवभारत 13 मई।** जनजातीय कार्य विभाग के कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए संभागीय उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग जे.पी. यादव द्वारा शहडोल संभाग के तीनों जिलों में अलग-अलग तिथियों पर सुनवाई शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को अनूपपुर जिले के कर्मचारियों की समस्याओं की सुनवाई एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय अनूपपुर में की गई। आयोजित शिविर में कर्मचारियों को टोकन वितरित कर उनकी समस्याओं की क्रमवार सुनवाई की गई। शिविर में कुल 102 कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं एवं लंबित प्रकरणों के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किए। संभागीय उपायुक्त यादव ने शिविर में उपस्थित सहायक आयुक्त एवं खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। शिविर में प्राप्त आवेदनों में मुख्य रूप से पूर्व में जारी क्रमोन्नति एवं समयमान के एरियर राशि के भुगतान, समयमान एवं क्रमोन्नति से वंचित प्रकरण, अर्जित अवकाश भुगतान तथा अन्य स्वत्वों से संबंधित समस्याएं शामिल रहीं।




## प्रतिभागियों को राजस्व प्रकरणों के ऑनलाइन पंजीयन की दी जानकारी

**अनूपपुर, नवभारत।** कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशानुसार बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित ई-दक्ष केन्द्र में राजस्व न्यायालयों के रीडर एवं कम्प्यूटर ऑपरेटरों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य राजस्व प्रकरणों के पंजीयन एवं निराकरण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और तकनीकी रूप से सुदृढ़ बनाना रहा। प्रशिक्षण के दौरान संभागीय सलाहकार शहडोल संभाग उपेंद्र त्रिपाठी ने प्रतिभागियों को राजस्व प्रकरणों के ऑनलाइन पंजीयन, सुनवाई एवं निराकरण से संबंधित विभिन्न तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने आरसीएमएस पोर्टल, वेब जीआईएस तथा सारा प्रणाली के उपयोग और संचालन की प्रक्रिया समझाते हुए इनके माध्यम से कार्यों को सरल एवं त्वरित ढंग से संपादित करने के बारे में बताया। इस अवसर पर आरसीएमएस से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई तथा उपस्थित कर्मचारियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।

## बम्हनी का सामुदायिक शौचालय खंडहर में तब्दील

**पंचायत की अनदेखी से ग्रामीण परेशान**



**अनूपपुर, नवभारत।** ग्राम बम्हनी में बाजार और विद्यालय क्षेत्र के बीच निर्मित सामुदायिक शौचालय बदहाल स्थिति में पहुंच गया है। रखरखाव और नियमित साफ-सफाई के अभाव में यह शौचालय अब खंडहर जैसा दिखाई देने लगा है। हालत इतनी खराब हो चुकी है कि लोग इसका उपयोग करने से बच रहे हैं, वहीं आसपास गंदगी और दुर्गंध का माहौल बना रहता है।

ग्रामीणों का आरोप है कि लाखों रुपये की लागत से बनाए गए इस सामुदायिक शौचालय की पंचायत द्वारा समय रहते देखरेख नहीं की गई। परिणामस्वरूप भवन की दीवारें टूटने लगी हैं तथा दरवाजे और अन्य सुविधाएं भी क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। लंबे समय से साफ-सफाई नहीं होने के कारण यहां अस्वच्छता फैली हुई है।

### राहगीरों और विद्यार्थियों को हो रही परेशानी

बताया गया कि यह शौचालय बाजार और विद्यालय के समीप स्थित है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीणों और विद्यार्थियों का आवागमन रहता है। इसके बावजूद पंचायत की उदासीनता के कारण लोगों को सुविधा मिलने के बजाय परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने पंचायत एवं संबंधित विभाग से मांग की है कि सामुदायिक शौचालय की शीघ्र मरम्मत कराई जाए और नियमित साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को पुन: इस सुविधा का लाभ मिल सके।

## नागरिकों को जनगणना के महत्व के बारे में बताया

**नवभारत, जबलपुर।** पॉलिटेक्निक महाविद्यालय एनसीसी इकाई के एनसीसी कैडेटों द्वारा नया मोहल्ला से ओमती तक जनगणना जागरूकता अभियान चलाया गया। जानकारी के अनुसार एमपी बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल नितिन शर्मा, अधिकारी संजय बोडास एवं नगर निगम संभाग क्रमांक 12 से संभागीय अधिकारी मयंक चौरसिया, कमल तेकाम , मेजर कमलेश मेहरा के नेतृत्व में ये जनगणना जागरूकता अभियान चलाया गया था। अभियान के दौरान आमजन को जनगणना के महत्व, उससे होने वाले लाभ तथा देश के विकास में उसकी भूमिका के बारे में जानकारी दी गई।

## नवीनतम उत्पादों और निर्माण तकनीकों की दी गई जानकारी

**जेके सीमेंट की ठेकेदारों के लिए तकनीकी कार्यशाला आयोजित**

**अनूपपुर, नवभारत 13 मई।** जिले में भारत की अग्रणी सीमेंट कंपनी जेके सीमेंट ने निर्माण कार्य से जुड़े ठेकेदारों के लिए विशेष 'संवाद समारोह' एवं तकनीकी कार्यशाला का आयोजन बुधवार को अनूपपुर में किया। इसका मुख्य उद्देश्य ठेकेदारों को कंपनी के नवीनतम उत्पादों, निर्माण तकनीकों एवं गुणवत्ता मानकों की जानकारी प्रदान करना था।

कार्यक्रम में कंपनी के तकनीकी शाखा प्रबंधक अकाश सिंह तिवारी ने प्रमुख उत्पादों में जेके सुपर, जेके स्ट्रॉन्ग, जेके प्रोटेक्ट तथा जेके प्रोफिक्स के बारे में बताया कि इन उत्पादों की उन्नत गुणवत्ता एवं विशेष तकनीक निर्माण कार्य को अधिक मजबूत, सुरक्षित एवं टिकाऊ बनाने में सहायक है।



### शूरवीर स्कीम के बारे में दी जानकारी

अकाश सिंह तिवारी ने कंपनी की विशेष 'शूरवीर स्कीम' के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी साझा करते हुए बताया कि इस योजना के माध्यम से कंपनी ठेकेदारों को विभिन्न प्रकार की सुविधाएं, प्रोत्साहन एवं तकनीकी सहायता प्रदान करती है, जिससे उनके कार्य की गुणवत्ता और व्यवसाय दोनों को मजबूती मिलती है। इसके साथ ही आने वाले समय में आयोजित होने वाले कंपनी के अन्य कार्यक्रमों, जैसे 'जेके शिखर' की जानकारी भी दी।

### एक-दूसरे के साथ अपने अनुभव साझा किए

कार्यक्रम में सीमेंट के सही उपयोग, भंडारण एवं रखरखाव पर भी विशेष चर्चा के दौरान अकाश सिंह तिवारी ने बताया कि सीमेंट को उचित तरीके से स्टोर एवं उपयोग करने से निर्माण कार्य की गुणवत्ता और संरचना की मजबूती में महत्वपूर्ण सुधार किया जा सकता है। यह कार्यशाला ठेकेदारों के लिए एक उत्कृष्ट मंच हैं, जहां कंपनी के नवीनतम उत्पादों एवं तकनीकों के बारे में जानकारी प्राप्त कर एक-दूसरे के साथ अपने अनुभव साझा किए जाते हैं।

### एक नजर में



## जिले की 1 .25 लाख बहनों के खाते में 18 .24 करोड की राशि अंतरित

**अनूपपुर, नवभारत 13 मई।** जिले में बुधवार को मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की अनुदान राशि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नरसिंहपुर जिले के ग्राम मुंगवानी में आयोजित कार्यक्रम से जिले के 1 लाख 25 हजार 259 लाड़ली बहनों के खातों में 18 करोड़ 24 लाख 3 हजार 300 की राशि हितग्राहियों के खातों में सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरण किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज नरसिंहपुर जिले के ग्राम मुंगवानी में आयोजित कार्यक्रम से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की अनुदान राशि का हितग्राहियों के खातों में सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरण किया। इस कार्यक्रम को अनमपपुर कलेक्ट्रेट स्थित सोन सभागार सहित जिले के जनपद व नगरीय एवं ग्रामीण निकायों में देखने एवं सुनने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थी। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगणों के साथ ही हितग्राही उपस्थित रहें।



## पीएचई मंत्री उईके ने मां नर्मदा का किया पूजन-अर्चन

**अमरकंटक, नवभारत।** जिले की पवित्र धार्मिक एवं आध्यात्मिक तीर्थ नगरी अमरकंटक में बुधवार को प्रदेश की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग की मंत्री संपतिया उईके ने मां नर्मदा उद्गम स्थल में विधिवत दर्शन, पूजन एवं अर्चन कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि एवं कल्याण की कामना की। मंत्री संपतिया उईके आज मंडला से जिले के बिजुरी जाते समय मां नर्मदा की नगरी अमरकंटक पहुंची जहां उन्होंने मां नर्मदा उद्गम स्थली में विधिवत दर्शन, पूजन एवं अर्चन कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि एवं कल्याण की कामना की। इसके पश्चात अमरकंटक स्थित प्रसिद्ध अमरकंठ महादेव मंदिर में नर्मदा मंदिर के पुजारी उमेश द्विवेदी बंटी महाराज ने भगवान शिव का वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ रुद्राभिषेक कराया।

## 12वीं सीबीएसई कॉमर्स संकाय में अभिनव को 90 प्रतिशत अंक



**अनूपपुर, नवभारत।** सीबीएसई द्वारा 13 मई को घोषित किए गए 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में सेंट जोसेफ हायर सेकेंडरी स्कूल कोतमा के छात्र अभिनव शर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कॉमर्स संकाय में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। अभिनव शर्मा ने स्कूल स्तर पर प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। भालूमाड़ा निवासी अभिनव शर्मा पिता सुरेश शर्मा ने अपनी मेहनत और लगन के दम पर यह सफलता प्राप्त की। परिणाम घोषित होते ही परिवार, मित्रों एवं नगरवासियों में खुशी का माहौल बन गया। विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर सीमा मिंज एवं शिक्षकों ने अभिनव और उनके माता-पिता को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अभिनव ने अपनी सफलता का श्रेय स्कूल के शिक्षकों, माता-पिता एवं नियमित अध्ययन को दिया।

## वैज्ञानिकों ने जैव उर्वरकों के सही उपयोग की दी जानकारी

**उर्वरक वितरण और नई तकनीक पर प्रशिक्षण आयोजित**

**अनूपपुर, नवभारत 13 मई।** सहकारिता विभाग एवं जिला सहकारी बैंक के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को अनूपपुर में एक दिवसीय जिला सहकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में जिला सहकारी बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एसके यादव, प्रभारी उप संचालक कृषि वर्षा त्रिपाठी, इफको एवं कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक, कृषि विभाग और बैंक के अधिकारी, शाखा प्रबंधक तथा जिले की सभी सहकारी समितियों के प्रबंधक शामिल हुए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि क्षेत्र की वर्तमान वैश्विक चुनौतियों और केंद्र सरकार की नई उर्वरक नीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

### मृदा स्वास्थ्य सुधारने पर विशेष जोर दिया

वैज्ञानिकों ने रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने और मृदा स्वास्थ्य सुधारने पर विशेष जोर दिया। किसानों एवं समिति प्रबंधकों को नैनो यूरिया, नैनो डीएपी और सागरिका जैसे आधुनिक जैव उर्वरकों के सही उपयोग की जानकारी दी गई। कृषि वैज्ञानिकों ने बताया कि इन उर्वरकों के उपयोग से खेती की लागत कम होने के साथ-साथ भूमि की उर्वरता भी लंबे समय तक सुरक्षित रखी जा सकती है।




### नई तकनीकों की जानकारी साझा की

इफको के क्षेत्रीय प्रबंधक ने संतुलित उर्वरक उपयोग एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने वाली नई तकनीकों की जानकारी साझा की। प्रभारी उप संचालक कृषि वर्षा त्रिपाठी ने उर्वरक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सभी सहकारी समितियों को खाद वितरण केवल ई-टोकन और पीओएस मशीन के माध्यम से करने के निर्देश दिए।

## सुरक्षा मानकों-भविष्य की कार्ययोजनाओं पर विस्तार से चर्चा

**नवभारत,जबलपुर।** म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड के राकेश ओझा, निदेशक (ऑपरेशन) ने आयुध निर्माणी खमरिया का औपचारिक दौरा किया। इस दौरान उन्होंने उत्पादन गतिविधियों, आधुनिकीकरण कार्यों तथा गुणवत्ता सुधार संबंधी विभिन्न पहलुओं की विस्तृत समीक्षा की। दौरे के दौरान राकेश ओझा ने निर्माणी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर उत्पादन क्षमता, समयबद्ध आपूर्ति, सुरक्षा मानकों तथा भविष्य की कार्ययोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। इस मौके पर उन्होंने रक्षा उत्पादन में उच्च गुणवत्ता एवं दक्षता बनाए रखने पर विशेष बल दिया तथा निर्माणी द्वारा किए जा रहे नवाचार एवं तकनीकी उन्नयन की भी सराहना की।




## रविशंकर का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया

राजनगर, नवभारत। नगर परिषद राजनगर के भगत सिंह चौक में श्री श्री रवि शंकर का 70वां जन्मोत्सव उनके समर्थकों द्वारा बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में नगरवासियों की अच्छी भागीदारी देखने को मिली। इस अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के सदस्यों एवं समर्थकों ने राहगीरों और नगरवासियों को शरबत वितरित कर सेवा भाव का संदेश दिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान भक्तिमय माहौल बना रहा और लोगों ने गुरुदेव के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में विष्णु राम, कुंती देवी सविता, रीति परी, सरोजिनी, राहुल, राजेश, अंजलि, किरण, सोनू एवं पिंटू सहित अन्य लोगों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में नगर के अनेक गणमान्य नागरिक एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

**खेत तालाब फर्जीवाड़ा** | ग्रामीणों ने की एफआईआर और निलंबन की मांग, ग्रामीणों ने दी कलेक्ट्रेट कार्यालय घेराव की चेतावनी

# 50 हजार के गबन में पंचायत सचिव पर गिरेगी गाज?

**जमुना कोतमा नवभारत 13 मई। ग्राम पंचायत पायरी क्रमांक-1 में खेत तालाब योजना के तहत बिना खुदाई किए 50 हजार रुपये निकालने के मामले में अब पंचायत सचिव की भूमिका पूरी तरह से बेनकाब हो गई है। बिना भौतिक सत्यापन के सरकारी खजाने से राशि का आहरण सीधे तौर पर सचिव और सरपंच की मिलीभगत की ओर इशारा कर रहा है।**

इस खुलासे के बाद ग्रामीणों ने दोषी पंचायत सचिव पर तत्काल और कठोर कार्रवाई की मांग तेज कर दी है। नियमानुसार पंचायत स्तर पर किसी भी निर्माण कार्य का मूल्यांकन और भौतिक सत्यापन होने के बाद ही राशि का भुगतान किया जाता है। इसके लिए पंचायत सचिव सीधे तौर पर जिम्मेदार होता है।








### मौके पर तालाब का अस्तित्व ही नहीं है

सवाल यह है कि जब मौके पर न तो कोई गड्ढा खुदा और न ही तालाब का कोई अस्तित्व है, तो फिर सचिव ने किस आधार पर बिल लगाकर 50 हजार रुपये का भुगतान जारी कर दिया? यह स्पष्ट रूप से पदीय दुरुपयोग और सरकारी राशि के गबन (धोखाधड़ी) का मामला है।

### ग्रामीणों की प्रमुख मांगें

तत्काल प्रभाव से निलंबन: ग्रामीणों की मांग है कि जनपद और जिला प्रशासन तत्काल संज्ञान लेते हुए भ्रष्ट पंचायत सचिव को निलंबित करे, ताकि वह आगे के रिकॉर्ड के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं कर सके।

सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचाने और फर्जी बिलों के आधार पर राशि निकालने के जुर्म में सचिव और अन्य दोषियों के गबन का आपराधिक मुकदमा दर्ज किया जाए।

### जनपद और जिला प्रशासन की चुप्पी पर उठ रहे सवाल

ग्रामीणों का कहना है कि भ्रष्टाचार के इतने स्पष्ट प्रमाण सामने होने के बावजूद ब्लॉक और जिला स्तर के जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी संदेह पैदा करती है। यदि पंचायत सचिव पर जल्द ही कोई ठोस और दंडात्मक कार्रवाई नहीं होती है, तो ग्रामीण जनपद पंचायत और कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव करने को मजबूर होंगे।

## शराब दुकान नहीं हटाई तो आज से होगा सर्वदलीय आंदोलन

**नवभारत,जबलपुर।** 13 मई तक शराब दुकान नहीं हटने पर 14 मई से सर्वदलीय आंदोलन किया जाएगा। युवा कांग्रेस कैंट अध्यक्ष एडवोकेट सौरभ सिंह ने बताया मोहनिया मानेगांव से स्थानांतरित कर जेडीए मार्केट बड़ा पत्थर में स्थानांतरित की गई शराब दुकान का लगातार विरोध किया जा रहा है तथा क्षेत्रीय जनों में आक्रोश है। जिस स्थान पर शराब दुकान स्थानांतरित कर की गई है। वहां से मां दुर्गा जी का प्रतिमा चल समारोह, भगवान श्री गणेश जी का प्रतिमा चल समारोह, संत रविदास गुरु जी का चल समारोह सहित बौद्ध पूर्णिमा महोत्सव आयोजित किया जाता है और दुर्गा जी की प्रतिमा स्थापना की जाती है, एवं सामने ही डॉक्टर भीमराव अंबेडकर पार्क स्थित है। जहां पर उनकी प्रतिमा लगाया जाना प्रस्तावित है, तथा ऑटो स्टेंड भी है, ऐसी स्थिति में शराब दुकान खोला जाना न्याय संगत नहीं है।